रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-18112026-278010
CG-DL-E-18112026-278010

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 662] नई दिल्ली, शुक्रवार, नवम्बर 6, 2026/कार्तिक 15, 1948
No. 662] NEW DELHI, FRIDAY, NOVEMBER 6, 2026/KARTIKA 15, 1948

## दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण

## अधिसूचना

नई दिल्ली, 30 अक्तूबर, 2026

**फा. सं. जीए/पीएस/9125(आरएसपी)/2024**.—जबकि, दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण कर्मचारी (भर्ती, वरिष्ठता एवं प्रोन्नति) विनियम, 2024 के प्रारूप को, महापत्तन प्राधिकरण अधिनियम, 2021 (2021 का 1) की धारा 72 की उपधारा (1) के अधीन दिनांक 4 नवंबर, 2024 की अधिसूचना (असाधारण संख्या 116) तथा दिनांक 25 नवम्बर, 2024 के शुद्धिपत्र (असाधारण संख्या 157) द्वारा गुजरात सरकार के राजपत्र, असाधारण, भाग IV-ग में प्रकाशित किया गया था, जिससे प्रभावित होने की संभावना रखने वाले सभी व्यक्तियों से, उक्त प्रारूप विनियमों के प्रकाशित होने वाले गुजरात सरकार के राजपत्र की प्रतियाँ जनसाधारण के लिए उपलब्ध कराए जाने की तारीख से तीस दिनों की अवधि की समाप्ति से पूर्व, उस पर आक्षेप अथवा सुझाव आमंत्रित किए गए थे;

और जबकि, उक्त गुजरात सरकार के राजपत्र की प्रतियाँ दिनांक 4 नवम्बर, 2024 को जनसाधारण के लिए उपलब्ध कराई गई थीं:

और जबकि, उक्त तीस दिनों की अवधि के भीतर जनसाधारण से कोई आपत्ति अथवा कोई सुझाव प्राप्त नहीं हुए हैं;

अतः अब, महापत्तन प्राधिकरण अधिनियम, 2021 (2021 का 1) की धारा 18 के साथ पठित धारा 72 की उपधारा (1) तथा उपधारा (2) के खंड (ग) और (झ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा दीनदयाल पत्तन न्यास कर्मचारी (भर्ती, वरिष्ठता और प्रोन्नति) विनियम, 2009 के अधिक्रमण में, उन बातों के सिवाय जो ऐसे अधिक्रमण से पहले की गई हैं या जिन्हें करने का लोप किया गया है, दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण का बोर्ड एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात्:-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ** - (1) इन विनियमों का संक्षिप्त नाम दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण कर्मचारी (भर्ती, वरिष्ठता एवं प्रोन्नति) विनियम, 2026 होगा।

(2) ये भारत के राजपत्र में उनके प्रकाशित होने की तारीख से लागू होंगे।

2. **प्रयुक्ति** - ये विनियम बोर्ड द्वारा सृजित सभी पदों पर, चाहे वे अस्थायी हों अथवा स्थायी, जिनमें अधिनियम की धारा 18 की उपधारा (1) के अधीन आने वाले पद भी शामिल हैं, लागू होंगे।

3. **परिभाषा - (1)** इन विनियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, -

(क) "अधिनियम" से महापत्तन प्राधिकरण अधिनियम, 2021 (2021 का 1) अभिप्रेत है;

(ख) "सदृश पद" से ऐसा पद अभिप्रेत है, जिसके कर्तव्य, उत्तरदायित्व का स्तर और वेतनमान उस पद के तुलनीय हों, जिस पर चयन किया जाना है;

(ग) "नियुक्ति प्राधिकारी" से किसी ग्रेड या पद के संबंध में ऐसा प्राधिकारी अभिप्रेत है, जो कंडला पत्तन न्यास कर्मचारी (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) विनियम, *2004* के अधीन उस ग्रेड या पद पर नियुक्ति करने के लिए सशक्त हो;

(घ) "बोर्ड", "अध्यक्ष", "उपाध्यक्ष" तथा "विभाग प्रमुख" से क्रमशः वे अर्थ अभिप्रेत हैं, जो उन्हें अधिनियम में निर्दिष्ट किए गए हैं;

(ङ) "प्रथम श्रेणी के पद", "द्वितीय श्रेणी के पद" "तृतीय श्रेणी के पद" तथा "चतुर्थ श्रेणी के पद" से वे ही अर्थ अभिप्रेत होंगे, जो उन्हें कंडला पत्तन न्यास कर्मचारी (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) विनियम, *2004* के विनियम 4 के अधीन निर्दिष्ट किए गए हैं*;*

(च) "विभागीय प्रोन्नति समिति" से विनियम 26 के अधीन गठित ऐसी समिति अभिप्रेत है, जिसका गठन किसी ग्रेड या पद पर प्रोन्नति अथवा उसकी पुष्टि के संबंध में सिफारिशें करने के प्रयोजन से किया गया हो;

(छ) "सीधी भर्ती से नियुक्त" ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है, जिसकी भर्ती सेवा चयन समिति द्वारा प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षा या जाँच परीक्षा तथा/अथवा साक्षात्कार के आधार पर की गई हो;

(ज) "कर्मचारी" से बोर्ड का कर्मचारी अभिप्रेत है;

(झ) "ग्रेड" से इन विनियमों से संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट कोई ग्रेड अभिप्रेत है;

(ञ) "धारणाधिकार" से किसी कर्मचारी का किसी ऐसे पद को, जिस पर उसे नियमित आधार पर नियुक्त किया गया हो तथा जिस पर वह परिवीक्षा पर न हो, नियमित आधार पर, चाहे तत्काल अथवा अनुपस्थिति की अवधि या अवधियों की समाप्ति पर, धारण करने का अधिकार अभिप्रेत है:

बशर्ते कि किसी नियमित पद को धारण करने का अधिकार इस शर्त के अधीन होगा कि यदि उस ग्रेड में ऐसे अधिकार रखने वाले व्यक्तियों की संख्या उस ग्रेड में उपलब्ध पदों की संख्या से अधिक हो, तो उस ग्रेड का कनिष्ठतम व्यक्ति निम्नतर ग्रेड में प्रत्यावर्तित किए जाने के लिए उत्तरदायी होगा;

(ट) "स्थायी कर्मचारी" से ऐसा कर्मचारी अभिप्रेत है, जिसे किसी स्थायी पद पर सारभूत रूप से नियुक्त किया गया हो;

(ठ) "नियमित सेवा" से किसी ग्रेड के संबंध में, उस ग्रेड में इन विनियमों के अधीन उस ग्रेड में नियमित नियुक्ति के लिए विहित प्रक्रिया के अनुसार चयन तथा नियुक्ति के पश्चात् प्रदान की गई सेवा की अवधि अथवा अवधियाँ अभिप्रेत हैं और इसके अंतर्गत ऐसी कोई अवधि अथवा अवधियाँ भी सम्मिलित होंगी -

*(i)* ऐसे कर्मचारियों के मामले में, जो इन विनियमों की अधिसूचना की तारीख को सेवा में थे, वरिष्ठता के प्रयोजनार्थ संगणित की गई सेवा की अवधि अथवा अवधियाँ;

(ii) वह अवधि अथवा अवधियाँ, जिसके दौरान कोई कर्मचारी अवकाश पर होने अथवा अन्यथा ऐसे पद को धारण करने के लिए उपलब्ध न होने के कारण उस ग्रेड के किसी पद को धारण नहीं कर सका हो, जबकि अन्यथा वह उस ग्रेड के उस पद को धारण करता;

(ड) "अनुसूची" से इन विनियमों से संलग्न अनुसूची अभिप्रेत है;

(ढ) "अनुसूचित जातियाँ" तथा "अनुसूचित जनजातियाँ" से क्रमशः वे अर्थ अभिप्रेत होंगे, जो उन्हें भारत के संविधान के अनुच्छेद 366 के खंड (24) तथा खंड (25) में निर्दिष्ट किए गए हैं;

(ण) "चयन सूची" से किसी ग्रेड या पद के संबंध में उस ग्रेड या पद के लिए विनियम 13 के अनुसार तैयार की गई चयन सूची अभिप्रेत है;

(त) "चयन पद" से वह पद अभिप्रेत है, जिसे विनियम 5 के अधीन चयन पद के रूप में घोषित किया गया हो;

(थ) "सेवा चयन समिति" से, सीधी भर्ती हेतु चिन्हित पदों पर नियुक्ति के लिए लिखित परीक्षा, व्यवसाय परीक्षण तथा साक्षात्कार अथवा इनमें से दोनों के माध्यम से अभ्यर्थियों के चयन के लिए, विनियम 12 के अधीन गठित समिति अभिप्रेत है;

(द) "अस्थायी कर्मचारी" से ऐसा कर्मचारी अभिप्रेत है, जो किसी अस्थायी पद पर कार्यरत हो अथवा बोर्ड की सेवा में किसी स्थायी पद पर स्थानापन्न रूप से कार्य कर रहा हो या अपनी नियुक्ति पर परिवीक्षा पर हो।

(2) इन विनियमों में प्रयुक्त ऐसे शब्दों एवं पदों, जो इन विनियमों में परिभाषित नहीं हैं, किंतु अधिनियम में परिभाषित हैं, से क्रमशः वही अर्थ अभिप्रेत होंगे, जो उन्हें उक्त अधिनियम में निर्दिष्ट किए गए हैं।

**4. नियुक्ति की रीति -** (1) जिन पदों पर ये विनियम लागू होते हैं, उन पर सभी नियुक्तियाँ**,** इन विनियमों के उपबंधों के अनुसार प्रोन्नति अथवा विलयन अथवा प्रतिनियुक्ति अथवा सीधी भर्ती द्वारा की जाएँगी।

(2) विभाग प्रमुख तथा विभागाध्यक्ष से एक स्तर नीचे के पदों से संबंधित रिक्तियाँ "भर्ती की मिश्रित पद्धति" के माध्यम से, प्रोन्नति या स्थानांतरण या विलयन के आधार पर भरी जाएँगी, ऐसा न होने की स्थिति में महापत्तन, केन्द्र सरकार, राज्य सरकारों, स्वायत्त निकाय तथा सरकारी कंपनियों के कर्मचारियों से प्रतिनियुक्ति द्वारा तथा दोनों के विफल होने की स्थिति में सीधी भर्ती द्वारा भरी जाएँगी।

(3) **विलयन पर प्रोन्नति या स्थानांतरण**, इन विनियमों से संलग्न अनुसूची में विहित पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले महापत्तन प्राधिकरण के अधिकारियों में से किया जाएगा।

(4) प्रतिनियुक्ति, महापत्तन, केन्द्र सरकार, राज्य सरकारों या स्वायत्त निकायों अथवा सरकारी कंपनियों के ऐसे कर्मचारियों में से की जाएगी, जो संबंधित पद के लिए विहित पात्रता मानदंडों को पूरा करते हों:

बशर्ते कि किसी भी महापत्तन प्राधिकरण के बोर्ड का कोई कर्मचारी, उसी महापत्तन प्राधिकरण में विभाग प्रमुख स्तर के पद पर प्रतिनियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

(5) प्रतिनियुक्ति की सामान्य अवधि तीन वर्ष होगी, जिसे चार वर्ष तक बढ़ाया जा सकेगा और आपवादिक परिस्थितियों में, ऐसे पद के मामले में जिसके पदधारी को विभाग प्रमुख माना जाता है, केन्द्र सरकार द्वारा तथा विभाग प्रमुख के स्तर से नीचे के किसी अन्य पद के मामले में अध्यक्ष द्वारा इसे पांच वर्ष तक बढ़ाया जा सकेगा।

**5. अनुसूची -** (1) **सीधी भर्ती अथवा प्रोन्नति अथवा विलयन अथवा प्रतिनियुक्ति के मामलों में नियुक्ति की रीति** के मामलों में शैक्षिक अर्हताएँ, आयु, प्रशिक्षण, अनुभव, पदों का वर्गीकरण, चाहे चयन पद हों अथवा अचयन पद, तथा उक्त नियुक्ति से संबंधित अन्य विषय, इन विनियमों से संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट के अनुसार होंगे।

(2) द्वितीय, तृतीय तथा चतुर्थ श्रेणी के पदों के संबंध में नियुक्ति की रीति वही होगी, जो बोर्ड द्वारा समय-समय पर निर्धारित की जाएगी।

(3) विभिन्न श्रेणियों की प्राधिकृत स्थायी एवं अस्थायी पद-संख्या, महापत्तन प्राधिकरण अधिनियम, 2021 की धारा 20 के उपबंधों के अधीन तैयार की गई कर्मचारी सूची में विनिर्दिष्ट के अनुसार होगी तथा सीधी भर्ती के लिए विहित पात्रता अपेक्षाएँ प्रोन्नति के मामले में अनुसूची के स्तंभ 9 में यथाउल्लिखित सीमा तक लागू होंगी और प्रोन्नति के लिए अनुभव की अपेक्षा उक्त अनुसूची के स्तंभ 12 में विहित अनुसार होगी:

बशर्ते कि सीधी भर्ती अथवा विलयन अथवा प्रतिनियुक्ति के मामले में, निम्नलिखित के अनुसार, विहित अधिकतम आयु-सीमा को, लेखबद्ध किए जाने वाले कारणों के आधार पर, विभाग प्रमुख के पदों के मामले में केन्द्र सरकार द्वारा तथा अन्य सभी मामलों में अध्यक्ष द्वारा शिथिल किया जा सकेगा,-

(i) जहाँ विहित न्यूनतम अनुभव दस वर्ष या उससे अधिक हो, वहाँ पांच वर्ष तक और जहाँ विहित न्यूनतम अनुभव पांच से नौ वर्ष हो, वहाँ तीन वर्ष तक;

(ii) ऐसे अभ्यर्थी के मामले में, जो भूतपूर्व सैनिक हो तथा जिसने रक्षा बलों में छह माह से कम की निरंतर सेवा न की हो, वहाँ आयु-सीमा में, जहाँ भरी जाने वाली रिक्ति ऐसे भूतपूर्व सैनिकों तथा कार्रवाई में मारे गए सैनिकों के आश्रितों के लिए आरक्षित हो, रक्षा बलों में उसके द्वारा प्रदान की गई सेवा की अवधि तथा उसके अतिरिक्त तीन वर्ष तक, और जहाँ भरी जाने वाली रिक्ति अनारक्षित हो, वहाँ रक्षा बलों में उसके द्वारा प्रदान की गई सेवा की अवधि के बराबर शिथिलता प्रदान की जा सकेगी; तथा

(iii) ऐसे अभ्यर्थी के मामले में, जो अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों अथवा अन्य पिछड़े वर्गों से संबंधित हो, इस संबंध में केन्द्र सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए जाने वाले आदेशों के अनुसार:

बशर्ते यह और कि अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों से संबंधित अभ्यर्थियों के मामले में अनुभव की अपेक्षा केन्द्र सरकार के विवेकानुसार शिथिल की जा सकेगी, यदि चयन के किसी भी चरण पर केन्द्र सरकार की यह राय हो कि इन समुदायों के ऐसे अभ्यर्थियों की पर्याप्त संख्या, जिनके पास अपेक्षित अनुभव हो, उनके लिए चिन्हित पदों को भरने के लिए उपलब्ध होने की संभावना नहीं है।

**6. रिक्तियों से संबंधित रोस्टर -**

प्रत्येक ग्रेड के लिए एक रोस्टर अनुरक्षित किया जाएगा, जिससे यह प्रदर्शित हो कि कोई विशिष्ट रिक्ति सीधी भर्ती द्वारा भरी जानी है अथवा प्रोन्नति द्वारा; बशर्ते कि, यदि सीधी भर्ती के लिए आरक्षित कोई रिक्ति सीधी भर्ती द्वारा नहीं भरी जा सके, तो उसे प्रोन्नति द्वारा भरा जा सकेगा और तत्पश्चात् अगली रिक्ति सीधी भर्ती द्वारा भरी जाएगी; इसी प्रकार, यदि प्रोन्नति के लिए आरक्षित कोई रिक्ति प्रोन्नति द्वारा नहीं भरी जा सके, तो उसे सीधी भर्ती द्वारा भरा जा सकेगा।

**7. आरक्षण -** (1) इन विनियमों के अधीन आने वाली सभी नियुक्तियों पर, चाहे वे सीधी भर्ती द्वारा की जाने वाली हों अथवा प्रोन्नति द्वारा, अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों से संबंधित अभ्यर्थियों के संबंध में, केन्द्र सरकार द्वारा अपने अधीन पदों के आरक्षण के लिए समय-समय पर जारी किए गए आदेश, आवश्यक परिवर्तनों सहित, यथोचित लागू होंगे।

(2) इन विनियमों के अधीन अन्य पिछड़े वर्गों, भूतपूर्व सैनिकों तथा कार्रवाई में मारे गए सैनिकों के आश्रितों, खिलाड़ियों तथा दिव्यांग व्यक्तियों के पक्ष में पदों के आरक्षण के लिए केन्द्र सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए आदेश भी, इन विनियमों के अधीन की जाने वाली उन नियुक्तियों पर जिनमें सीधी भर्ती की जाती है, आवश्यक परिवर्तनों सहित यथोचित लागू होंगे।

**8. सीधी भर्ती हेतु राष्ट्रीयता, चरित्र, शारीरिक योग्यता आदि -**

(1) किसी भी ग्रेड अथवा पद पर सीधी भर्ती के लिए पात्र होने हेतु अभ्यर्थी को शैक्षणिक अर्हता तथा अन्य मानदंडों के अतिरिक्त निम्नलिखित अपेक्षाएँ पूरी करनी होंगी: -

(क) भारत का नागरिक; अथवा

(ख) नेपाल की प्रजा; अथवा

(ग) भूटान की प्रजा; अथवा

(घ) तिब्बती शरणार्थी, जो भारत में स्थायी रूप से बसने के आशय से 1 जनवरी, 1962 से पूर्व भारत आया हो; अथवा

(ङ) भारतीय मूल का ऐसा व्यक्ति, जो भारत में स्थायी रूप से बसने के आशय से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका अथवा पूर्वी अफ्रीकी देशों, अर्थात् केन्या, युगांडा, संयुक्त गणराज्य तंजानिया, जाम्बिया, मलावी, ज़ायरे और इथियोपिया तथा वियतनाम से प्रव्रजित होकर भारत आया हो:

बशर्ते कि खंड (ख), (ग), (घ) तथा (ङ) में उल्लिखित श्रेणियों से संबंधित अभ्यर्थी ऐसा व्यक्ति होगा, जिसके पक्ष में भारत सरकार द्वारा पात्रता का प्रमाण-पत्र जारी किया गया हो;

बशर्ते यह और कि जिस अभ्यर्थी के मामले में राष्ट्रीयता का प्रमाण अथवा पात्रता का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित हो, अधिकतम एक वर्ष की अवधि के लिए, उसे ऐसे प्रमाण-पत्र के प्रस्तुत किए जाने तक, अनंतिम रूप से नियुक्त किया जा सकेगा।

(2) जब किसी विशिष्ट प्रकृति के कार्य के लिए नियुक्ति की जानी हो और इन विनियमों की अपेक्षाओं को पूरा करने वाला उपयुक्त अभ्यर्थी प्राप्त करना व्यवहार्य न हो, तब अध्यक्ष, केन्द्र सरकार के पूर्व अनुमोदन से उप-विनियम (1) की किसी भी अपेक्षा में संशोधन कर सकेंगे अथवा उसे छोड़ सकेंगे।

(3) कोई भी ऐसा व्यक्ति, -

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति के साथ विवाह किया हो अथवा विवाह का करार किया हो, जिसका पति या पत्नी जीवित हो; अथवा

(ख) जिसने अपने पति या पत्नी के जीवित रहते हुए, किसी अन्य व्यक्ति के साथ विवाह किया हो अथवा विवाह-संबंध स्थापित किया हो,

इन विनियमों के लागू होने वाले किसी भी ग्रेड अथवा पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा;

बशर्ते कि विभाग प्रमुखों के पदों पर नियुक्ति के मामले में केन्द्र सरकार तथा अन्य सभी मामलों में अध्यक्ष, यदि यह समाधान हो जाए कि ऐसा विवाह उस व्यक्ति तथा विवाह के दूसरे पक्षकार पर लागू व्यक्तिगत विधि (पर्सनल लॉ) के अधीन अनुज्ञेय है तथा ऐसा करने के लिए अन्य आधार भी विद्यमान हैं, तो किसी व्यक्ति को इस उप-विनियम के प्रवर्तन से छूट प्रदान कर सकेंगे।

(4) ऐसा कोई अभ्यर्थी, जिसे किसी न्यायालय द्वारा नैतिक अधमता से संबंधित किसी अपराध के लिए दोषसिद्ध ठहराया गया हो अथवा जिसे दिवालिया घोषित किया गया हो, किसी भी ग्रेड अथवा पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

(5) अभ्यर्थी का मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य उत्तम होना चाहिए तथा वह ऐसे किसी शारीरिक दोष से मुक्त होना चाहिए, जिससे बोर्ड के कर्मचारी के रूप में उसके कर्तव्यों के निर्वहन में बाधा पड़ने की संभावना हो तथा विभाग प्रमुख के पदों पर नियुक्ति के मामले में केन्द्र सरकार तथा अन्य सभी मामलों में अध्यक्ष द्वारा विनिर्दिष्ट चिकित्सीय परीक्षण के उपरांत जो अभ्यर्थी चिकित्सीय दृष्टि से उपयुक्त नहीं पाया जाए, उसे किसी भी ग्रेड अथवा पद पर नियुक्त नहीं किया जाएगा।

(6) यदि कोई प्रश्न उत्पन्न होता है कि कोई अभ्यर्थी इस विनियम की सभी अथवा किसी अपेक्षा को पूरा करता है अथवा नहीं, तो विभाग प्रमुख के पदों के मामले में उसका निर्णय केन्द्र सरकार द्वारा तथा अन्य सभी मामलों में अध्यक्ष द्वारा किया जाएगा।

**9. सीधी भर्ती के लिए विद्यमान कर्मचारियों की पात्रता -**

किसी भी महापत्तन प्राधिकरण के बोर्ड के ऐसे कर्मचारी, जो विहित शैक्षणिक अर्हताएँ तथा अनुभव रखते हों, सीधी भर्ती के लिए आवेदन करने के पात्र होंगे; बशर्ते कि ऐसे मामलों में आयु-सीमा पचपन वर्ष से अधिक नहीं होगी।

**10. रिक्तियों का विज्ञापन -**

(1) सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने वाले तृतीय तथा चतुर्थ श्रेणी के पदों की रिक्तियों की सूचना स्थानीय रोज़गार कार्यालय को दी जाएगी तथा यदि पर्याप्त संख्या में पात्र एवं उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध न हों, तो उन रिक्तियों का विज्ञापन राज्य के भीतर प्रकाशित व्यापक प्रसार वाले समाचार-पत्रों में, प्रकाशित किया जाएगा तथा सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने के लिए आशयित प्रथम तथा द्वितीय श्रेणी के पदों की रिक्तियाँ, राष्ट्रीय एवं स्थानीय दैनिक समाचार-पत्रों अथवा 'रोजगार समाचार' अथवा दोनों में विज्ञापित की जाएंगी।

(2) अर्हता, अनुभव और आयु निर्धारित करने के लिए निर्णायक तारीख उस माह का पहला दिन होगा, जिसमें पद को अधिसूचित या विज्ञापित किया गया हो, जब तक कि अन्यथा विनिर्दिष्ट न किया गया हो।

**11. कुछ मामलों में लिखित परीक्षा अथवा कौशल परीक्षण का आयोजन -**

(1) नियुक्ति प्राधिकारी यह निर्णय कर सकेगा कि लिखित परीक्षा अथवा कौशल परीक्षण अथवा दोनों आयोजित किए जाएँ या नहीं तथा वह उस अधिकारी अथवा संगठन का भी नामनिर्देशन कर सकेगा, जो उक्त परीक्षा अथवा परीक्षण का आयोजन करेगा, और यह भी विनिर्दिष्ट कर सकेगा कि ऐसी परीक्षा किस रीति से आयोजित किया जाएगा तथा उससे संबंधित अन्य विवरण क्या होंगे।

(2) नियुक्ति प्राधिकारी, यदि वह आवश्यक समझे, तो लिखित परीक्षा अथवा कौशल परीक्षण आयोजित कराने के लिए किसी परामर्शदाता अथवा परामर्शदाताओं के किसी प्रतिष्ठान को नियुक्त कर सकेगा।

**12. सेवा चयन समिति -**

(1) सीधी भर्ती द्वारा विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु अभ्यर्थियों के चयन के लिए पात्र अभ्यर्थियों का साक्षात्कार करने के प्रयोजनार्थ, उप-विनियम (2) में उल्लिखित के अनुसार प्रत्येक ग्रेड अथवा पद के लिए एक सेवा चयन समिति होगी।

(2) उप-विनियम (1) में संदर्भित सेवा चयन समितियों के लिए पदों की श्रेणियाँ तथा उनकी संरचना निम्नलिखित होगी, अर्थात्: -

**(क) विभाग प्रमुखों के लिए -**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के संयुक्त सचिव (पत्तन) | -अध्यक्ष |
| (ii) | महापत्तन प्राधिकरण के अध्यक्ष अथवा उपाध्यक्ष (पत्तन के अध्यक्ष की अनुपस्थिति में) | -सदस्य |
| (iii) | पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय द्वारा नामित किसी अन्य महापत्तन का अध्यक्ष अथवा संबंधित क्षेत्र में व्यापक अनुभव रखने वाला कोई अधिकारी | -सदस्य |

| | | |
|---|---|---|
| (iv) | पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय द्वारा नामित अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्गों के प्रतिनिधि | -सदस्य |

**(ख) प्रथम श्रेणी के पदों के लिए -**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | अध्यक्ष अथवा उपाध्यक्ष | -अध्यक्ष |
| (ii) | उपाध्यक्ष | -सदस्य |
| (iii) | जिस विभाग में रिक्ति उत्पन्न हुई हो, उस विभाग के विभाग प्रमुख | -सदस्य |
| (iv) | कार्मिक मामलों को देखने वाले विभाग के प्रमुख | -सदस्य |
| (v) | अध्यक्ष द्वारा नामित अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्गों के प्रतिनिधि | -सदस्य |

**(ग) द्वितीय श्रेणी के पदों के लिए -**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | उपाध्यक्ष | -अध्यक्ष |
| (ii) | जिस विभाग में रिक्ति उत्पन्न हुई हो, उस विभाग का विभाग प्रमुख | -सदस्य |
| (iii) | कार्मिक मामलों को देखने वाले विभाग के प्रमुख | -सदस्य |
| (iv) | अध्यक्ष द्वारा नामित अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्गों के प्रतिनिधि | -सदस्य |

**(घ) तृतीय तथा चतुर्थ श्रेणी के पदों (उभयनिष्ठ प्रवर्ग) के लिए -**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | उपाध्यक्ष अथवा उनकी अनुपस्थिति में बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा नामित विभाग प्रमुख | -अध्यक्ष |
| (ii) | कार्मिक मामलों को देखने वाले विभाग **के** प्रमुख | -सदस्य |
| (iii) | अध्यक्ष द्वारा नामित कोई वरिष्ठ अधिकारी जो रु.80,000/- - 2,20,000/- के ग्रेड से नीचे न हों। | सदस्य |
| (iv) | अध्यक्ष द्वारा नामित अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्गों **के** प्रतिनिधि | -सदस्य |

**(ङ) तृतीय तथा चतुर्थ श्रेणी के पदों (एकनिष्ठ प्रवर्ग) के लिए -**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | जिस विभाग में रिक्ति उत्पन्न हुई हो, उस विभाग के विभाग प्रमुख | - अध्यक्ष |
| (ii) | कार्मिक मामलों को देखने वाले विभाग के प्रमुख | -सदस्य |
| (iii) | अध्यक्ष द्वारा नामित संबंधित प्रभाग के कोई वरिष्ठ अधिकारी जो रु.80,000/- - 2,20,000/- के ग्रेड से नीचे न हों। | -सदस्य |
| (iv) | अध्यक्ष द्वारा नामित अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्गों के प्रतिनिधि | -सदस्य |

(3) नियुक्ति प्राधिकारी, किसी ऐसे व्यक्ति को **जो** संबंधित क्षेत्र में विशेषज्ञता रखता हो और जो बोर्ड की सेवा में नहीं हो**,** को सेवा चयन समिति का सदस्य नामित कर सकेगा **तथा** यदि सेवा चयन समिति का कोई सदस्य उपलब्ध न हो, तो नियुक्ति प्राधिकारी उसकी अनुपस्थिति में समिति की बैठक में भाग लेने के लिए उसके स्थान पर समुचित स्तर के किसी अन्य अधिकारी को नामित कर सकेगा।

(4) जहाँ एक से अधिक विभागों के लिए सामान्य श्रेणियों के पदों की रिक्तियों पर भर्ती एक सामान्य चयन के माध्यम से की जाती हो, वहाँ प्रत्येक मामले में सेवा चयन समिति की संरचना का निर्धारण अध्यक्ष द्वारा किया जाएगा।

**13. चयन सूची -**

सेवा चयन समिति, अपने द्वारा निर्धारित योग्यता-क्रम के अनुसार, सीधी भर्ती के लिए चिन्हित पदों पर नियुक्ति हेतु विचार किए जाने के लिए चयनित अभ्यर्थियों के नाम चयन सूची में रखने की सिफ़ारिश कर सकेगी और ऐसी चयन सूची को नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित किए जाने की तारीख से बारह मास की अवधि के लिए वैध माना जाएगा **तथा** नियुक्ति प्राधिकारी, ऐसी चयन सूची की वैधता को अधिकतम छह माह की अवधि के लिए अथवा नई चयन सूची के अनुमोदित होने तक, इनमें से जो भी पहले हो, विस्तारित कर सकेगा।

**14. सेवा चयन समिति की सिफ़ारिशों पर विचार तथा तदर्थ नियुक्तियाँ -**

सीधी भर्ती द्वारा की जाने वाली सभी नियुक्तियाँ संबंधित सेवा चयन समिति की सिफ़ारिशों पर नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा की जाएँगी:

बशर्ते कि नियुक्ति प्राधिकारी**,** लिखित रूप में दर्ज कारणों के आधार पर, सेवा चयन समिति की सिफ़ारिशों को स्वीकार न करने के लिए स्वतंत्र होगा।

बशर्ते यह और कि जहाँ नियुक्ति प्राधिकारी अध्यक्ष के अधीनस्थ कोई प्राधिकारी हो और वह किसी मामले में ऐसी सिफ़ारिशों से असहमत हो, वहाँ वह ऐसी असहमति के कारणों को लेखबद्ध करेगा तथा प्रकरण को अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत करेगा, इस विषय में जिनका निर्णय अंतिम होगा।

बशर्ते यह भी कि विशुद्ध रूप से अस्थायी पद, अवकाश रिक्ति अथवा सीधी भर्ती के लिए चिन्हित कोई रिक्ति, जिसे तत्काल भरा जाना आवश्यक हो, के मामले में अध्यक्ष उस रिक्त पद को भरने के लिए पात्र किसी व्यक्ति को एक बार में छह मास की अवधि के लिए तथा अधिकतम एक वर्ष की अवधि के लिए, तदर्थ आधार पर निम्नलिखित शर्तो के अधीन नियुक्त कर सकेगा:

(क) तदर्थ नियुक्ति, जहाँ अपरिहार्य हो, भर्ती नियमों के अधीन विहित अर्हताओं**,** अनुभव की अपेक्षाओं को दृढतापूर्वक पूर्ण किए जाने के अधीन ही की जाएगी।

(ख) अस्थायी पद पर की गई तदर्थ नियुक्ति की कुल अवधि उस पद के कार्यकाल से अधिक नहीं होगी।

(ग) अन्य मामलों में, अस्थायी नियुक्ति को यथाशीघ्र चयन सूची से नियमित नियुक्ति द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा।

**15. समर्थन मांगने हेतु निरर्हता -** किसी व्यक्ति द्वारा किसी पद पर नियुक्ति अथवा किसी उच्चतर पद पर प्रोन्नति प्राप्त करने के लिए प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन मांगने का कोई भी प्रयास उसे ऐसी नियुक्ति अथवा प्रोन्नति के लिए **अ**पात्र बना देगा।

**16. असत्य सूचना दिए जाने को निरर्हता माना जाना -** जो कोई अभ्यर्थी जानबूझकर कोई ऐसी जानकारी या विवरण प्रस्तुत करता हुआ पाया **जाता है**, जो असत्य हो अथवा किसी ऐसी तात्विक सूचना को छिपाता हो जिसके ज्ञात होने पर वह सामान्यतः किसी ग्रेड अथवा पद पर नियुक्ति प्राप्त करने से वंचित हो जाता, तो वह नियुक्ति के लिए निरर्ह हो जाएगा तथा यदि वह नियुक्त कर दिया गया हो, तो सेवा से पदच्युत हो जाएगा।

**17. नियुक्ति आदेश निरस्त किया जाना -** यदि सीधी भर्ती के लिए चिन्हित किसी पद पर चयनित कोई अभ्यर्थी, नियुक्ति प्रस्ताव में विनिर्दिष्ट तारीख तक कार्यभार ग्रहण करने में असफल रहता है अथवा जहाँ ऐसी

कोई तारीख विनिर्दिष्ट न की गई हो, वहाँ नियुक्ति प्रस्ताव जारी किए जाने की तारीख से तीस दिन की अवधि के भीतर अथवा नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत विस्तारित अवधि के भीतर कार्यभार ग्रहण नहीं करता है, तो नियुक्ति प्रस्ताव निरस्त माना जाएगा।

**18. साक्षात्कार में उपस्थित होने हेतु यात्रा भत्ते का भुगतान -** लिखित तथा प्रयोगात्मक परीक्षा या साक्षात्कार में उपस्थित होने वाला अभ्यर्थी अपना व्यय स्वयं वहन करेगा;

बशर्ते कि लिखित या कौशल परीक्षण अथवा साक्षात्कार के लिए बुलाए गए अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को, इस आशय का प्रमाण प्रस्तुत करने पर कि उन्होंने वास्तव में आगमन यात्रा की है, दोनों ओर की यात्रा के लिए सबसे कम दूरी वाले व्यावहारिक मार्ग से प्रथम श्रेणी के रेल किराए के समतुल्य यात्रा भत्ता दिया जाएगा।

**19. परिवीक्षा अवधि -**

(1) सीधी भर्ती अथवा प्रोन्नति अथवा विलयन द्वारा किसी पद पर नियुक्त प्रत्येक व्यक्ति, उप-विनियम (2) तथा (3) के उपबंधों के अधीन रहते हुए, दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रहेगा; परंतु, रु.80,000/- - 2,20,000/- तथा उससे उच्चतर वेतनमान वाले विभाग प्रमुखों तथा उप- विभाग प्रमुखों के पदों पर भर्ती की मिश्रित पद्धति के माध्यम से विलयन के आधार पर नियुक्त व्यक्तियों के मामले में यह उपबंध लागू नहीं होगा:

बशर्ते कि जहाँ नियुक्ति स्वयं नियुक्ति आदेश में विनिर्दिष्ट किसी अवधि के लिए की गई हो, वहाँ ऐसी नियुक्ति उस अवधि की समाप्ति पर स्वतः समाप्त हो जाएगी, जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा उक्त अवधि का विस्तार न कर दिया जाए:

बशर्ते यह और कि जहाँ नियुक्ति सीधी भर्ती द्वारा की गई हो तथा पद का वेतनमान, जिसकी अधिकतम सीमा रु. 88,700/- से अधिक न हो, वहाँ परिवीक्षा की अवधि एक वर्ष होगी:

बशर्ते यह भी कि तृतीय तथा चतुर्थ श्रेणी के पदों में प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के मामले में कोई परिवीक्षा नहीं होगी:

बशर्ते यह भी कि यदि किसी ग्रेड अथवा पद पर परिवीक्षा पर कार्यरत किसी कर्मचारी को किसी उच्चतर ग्रेड अथवा पद पर स्थानापन्न रूप में नियुक्त किया जाता है, तो वह अपनी निम्नतर ग्रेड अथवा पद में परिवीक्षा पूर्ण करने के प्रयोजनार्थ उच्चतर ग्रेड अथवा पद पर स्थानापन्न रूप में की गई नियुक्ति की अवधि की गणना कराने का पात्र होगा तथा इसी प्रकार, यदि किसी कर्मचारी को पूर्व में किसी ग्रेड अथवा पद पर स्थानापन्न रूप में नियुक्त किया गया हो, तो तत्समान ग्रेड अथवा पद पर परिवीक्षा पर नियुक्त किए जाने पर वह उस स्थानापन्न अवधि (तदर्थ सेवा को छोड़कर) की गणना उस ग्रेड अथवा पद में परिवीक्षा पूर्ण करने के प्रयोजनार्थ कराने का पात्र होगा।

(2) यदि नियुक्ति प्राधिकारी उचित समझे, तो परिवीक्षा की अवधि का एक समय में किसी विनिर्दिष्ट अवधि के लिए विस्तार किया जा सकेगा; परंतु ऐसे विस्तारों की कुल अवधि, कर्मचारी के विरुद्ध लंबित किसी विभागीय अथवा विधिक कार्यवाही के कारण ऐसा विस्तार आवश्यक होने के सिवाय, एक वर्ष से अधिक नहीं होगी।

(3) परिवीक्षा की अवधि के दौरान किसी कर्मचारी से अपेक्षा की जा सकेगी कि वह ऐसे विभागीय प्रशिक्षण प्राप्त करे तथा ऐसी विभागीय परीक्षाएँ उत्तीर्ण करे, जिन्हें नियुक्ति प्राधिकारी समय-समय पर इस निमित्त विनिर्दिष्ट करे।

**20. परिवीक्षाधीन कर्मचारी का पुष्टीकरण -**

**(1) सामान्य:**

(i) किसी कर्मचारी की सेवा में पुष्टि केवल एक बार की जाएगी और वह प्रवेश ग्रेड में की जाएगी;

(ii) पुष्टि को ग्रेड में स्थायी रिक्ति की उपलब्धता से संबद्ध नहीं माना जाएगा अर्थात् जिस अधिकारी ने परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली हो, उसे पुष्टि के लिए विचार किया जा सकेगा।

**(2) प्रारंभिक रूप से जिस ग्रेड में भर्ती की गई हो, उसमें पुष्टीकरण -**

नियुक्त व्यक्ति द्वारा परिवीक्षा अवधि संतोषजनक रूप से पूर्ण की जाएगी और तत्पश्चात् उसके प्रकरण को विभागीय प्रोन्नति समिति के समक्ष (पुष्टि के लिए) रखा जाएगा तथा पुष्टि किए जाने पर, सभी दृष्टियों से प्रकरण स्पष्ट पाए जाने पर पुष्टि का आदेश जारी किया जाएगा।

**(3) प्रोन्नति पर -**

(i) जहाँ भर्ती नियमों में परिवीक्षा का कोई उपबंध नहीं है, वहाँ नियमित आधार पर (विहित विभागीय प्रोन्नति समिति आदि की प्रक्रिया का अनुपालन करने के पश्चात्) पदोन्नत अधिकारी उस ग्रेड में पुष्टि प्राप्त व्यक्ति को लागू सभी लाभों का हकदार होगा।

(ii) जहाँ परिवीक्षा का उपबंध हो, वहाँ नियुक्ति प्राधिकारी, विहित परिवीक्षा अवधि पूर्ण होने पर, स्वयं अधिकारी के कार्य तथा आचरण का मूल्यांकन करेगा और यदि वह इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि अधिकारी उच्चतर ग्रेड का पद धारण करने के लिए उपयुक्त है, तो वह संबंधित व्यक्ति द्वारा परिवीक्षा सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिए जाने की घोषणा करते हुए आदेश पारित करेगा तथा यदि अधिकारी का कार्य संतोषजनक न पाया जाए अथवा उसमें सुधार किए जाने की आवश्यकता हो, तो नियुक्ति प्राधिकारी, यथास्थिति, उसे उस पद अथवा ग्रेड पर प्रत्यावर्तित कर सकेगा जहाँ से उसे पदोन्नत किया गया था अथवा परिवीक्षा की अवधि का विस्तार कर सकेगा।

(iii) चूँकि प्रोन्नति के मामले में किसी अधिकारी की पुष्टि, उसके द्वारा परिवीक्षा का संतोषजनक रूप से पूर्ण किया जाना घोषित किए जाने से पूर्व नहीं की जाएगी, इसलिए उसके कार्य-निष्पादन का कठोर मूल्यांकन किया जाएगा और यदि परिवीक्षा अवधि के दौरान उसका कार्य संतोषजनक न पाया जाए, तो उसे उस पद अथवा ग्रेड पर, जहाँ से उसे पदोन्नत किया गया था, प्रत्यावर्तित करने में कोई संकोच नहीं किया जाएगा।

**(4) परिवीक्षाधीन व्यक्तियों का पुष्टीकरण -** (i) किसी स्थायी पद पर सीधी भर्ती द्वारा, परिवीक्षा की निश्चित शर्तों के अधीन**,** नियुक्त व्यक्ति की उसके द्वारा परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण किए जाने की तारीख से संबंधित ग्रेड में पुष्टि की जाएगी। उसकी पुष्टि की जानी चाहिए

अथवा उसकी परिवीक्षा अवधि का विस्तार किया जाना चाहिए, इस संबंध में निर्णय प्रारंभिक परिवीक्षा अवधि की समाप्ति के पश्चात् यथाशीघ्र अर्थात् सामान्यतः छह से आठ सप्ताह की अवधि के भीतर, लिया जाएगा और परिवीक्षा अवधि के विस्तार की दशा में उसके कारणों सहित कर्मचारी को संसूचित किया जाएगा। यद्यपि सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त व्यक्तियों की परिवीक्षा अवधि समाप्त होने के पश्चात् विभागीय पदोन्नति समिति की बैठकें आयोजित की जा सकती हैं, तथापि स्थायी पद के विरुद्ध, परिवीक्षा की निश्चित शर्तों के अधीन नियुक्त व्यक्ति की, उसके द्वारा परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण किए जाने की तारीख से संबंधित ग्रेड में पुष्टि की जाएगी। ऐसे परिवीक्षाधीन कर्मचारी की, जिसकी प्रगति संतोषजनक नहीं हो रही है अथवा जो सेवा के लिए अनुपयुक्त सिद्ध हुआ है, मूल परिवीक्षा अवधि की समाप्ति से पर्याप्त पहले उसकी कमियों से उसे अवगत कराया जाएगा, ताकि वह अपने में सुधार करने के लिए गंभीर प्रयास कर सके;

(ii) परिवीक्षा के मामलों में विभागीय प्रोन्नति समिति अधिकारियों की सापेक्ष ग्रेड-निर्धारण नहीं करेगी, बल्कि केवल यह निर्णय करेगी कि संबंधित अधिकारी को परिवीक्षा संतोषजनक रूप से पूर्ण कर लेने वाला घोषित किया **जाए** अथवा नहीं। यदि किसी परिवीक्षाधीन कर्मचारी का कार्य-निष्पादन संतोषजनक न हो, तो विभागीय प्रोन्नति समिति यह सलाह दे सकेगी कि उसकी परिवीक्षा अवधि का विस्तार किया जाए अथवा उसे सेवा से कार्यमुक्त कर दिया जाए।

**21. परिवीक्षाधीन कर्मचारियों को कार्यमुक्त अथवा प्रत्यावर्तन किया जाना -** (1) यदि अपनी प्रथम नियुक्ति पर परिवीक्षा पर कार्यरत किसी कर्मचारी को, उसके आचरण अथवा कार्य-निष्पादन के आधार पर, विनियम 19 में विहित परिवीक्षा अवधि की समाप्ति पर पुष्टि के लिए उपयुक्त न माना जाए, तो उसे बोर्ड की सेवा से कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

(2) यदि परिवीक्षा पर कार्यरत ऐसा कर्मचारी, जिसका किसी पद पर धारणाधिकार हो और वह विनियम 19 के अधीन विनिर्दिष्ट परिवीक्षा अवधि को नियुक्ति प्राधिकारी की संतुष्टि के अनुसार पूर्ण न कर सके, तो उसे उस पद पर प्रत्यावर्तित किया जा सकेगा, जिस पर उसका धारणाधिकार है।

(3) यदि किसी पद पर परिवीक्षा अवधि के दौरान किसी कर्मचारी को उसके कार्य-निष्पादन अथवा आचरण के आधार पर अथवा विहित विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण न कर पाने के कारण, उस पद पर बने रहने के लिए अनुपयुक्त माना जाता है, तो यदि उसका किसी पद पर धारणाधिकार न हो, उसे किसी भी समय सेवा से कार्यमुक्त किया जा सकेगा अथवा यदि उसका किसी पद पर धारणाधिकार हो, तो उसे उस पद पर प्रत्यावर्तित किया जा सकेगा।

**22. कुछ मामलों में प्रोन्नति, पुष्टीकरण हेतु विभागीय परीक्षा -** (1) अध्यक्ष, समय-समय पर ऐसे पद विनिर्दिष्ट कर सकेंगे जिन पर पुष्टि अथवा प्रोन्नति, अर्हकारी विभागीय परीक्षा यदि कोई हो, तो उसके उत्तीर्ण किए जाने के अधीन होगी।

(2) अध्यक्ष समय-समय पर अर्हकारी विभागीय परीक्षा के संबंध में विवरण भी विनिर्दिष्ट कर सकेंगे, जैसे कि परीक्षा आयोजित करने की प्रक्रिया, परीक्षा का पाठ्यक्रम, परीक्षा आयोजित किए जाने के अंतराल, अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा उत्तीर्ण किए जाने की अधिकतम अवधि इत्यादि।

**23. विभागीय परीक्षा में असफलता के कारण पदावनति -** किसी पद पर पदोन्नत कर्मचारी, अध्यक्ष द्वारा समय-समय पर विनिर्दिष्ट की जाने वाली किसी अर्हकारी विभागीय परीक्षा, यदि कोई हो, को अध्यक्ष द्वारा विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर उत्तीर्ण करेगा और ऐसा न करने पर उस कर्मचारी को प्रत्यावर्तित कर दिया जाएगा:

बशर्ते कि जहाँ किसी उच्चतर पद पर प्रोन्नति के लिए किसी परीक्षा का उत्तीर्ण किया जाना पूर्वापेक्षा के रूप में विनिर्दिष्ट हो, वहाँ कोई भी कर्मचारी, जब तक वह विहित परीक्षा उत्तीर्ण न कर ले, ऐसे पद पर प्रोन्नति के लिए विचार किए जाने का पात्र नहीं होगा।

**24. वरिष्ठता सूची -** प्रत्येक ग्रेड के लिए कर्मचारियों की पारस्परिक वरिष्ठता दर्शाने वाली अद्यतन वरिष्ठता सूची अनुरक्षित की जाएगी और उक्त सूची में प्रत्येक ग्रेड के स्थायी तथा अस्थायी कर्मचारियों का पृथक-पृथक उल्लेख किया जाएगा तथा उसका प्रत्येक वर्ष परिचालन किया जाएगा।

**25. वरिष्ठता का निर्धारण -** (1) किसी ग्रेड में सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त व्यक्तियों तथा विभागीय प्रोन्नति के आधार पर नियुक्त व्यक्तियों की पारस्परिक वरिष्ठता का निर्धारण सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त व्यक्तियों और प्रोन्नति प्राप्त करने वाले व्यक्तियों के बीच रिक्तियों के आवर्तन के अनुसार किया जाएगा, जो अनुसूची में दर्शाए गए उस ग्रेड में सीधी भर्ती तथा प्रोन्नति के लिए आरक्षित रिक्तियों के कोटे पर आधारित होगा और ऐसे मामलों में, जहाँ विनियम 6 के अनुसार रिक्तियों का परस्पर विनिमय किया गया हो, तो वरिष्ठता पदों को भरे जाने की पद्धति के अनुसार निर्धारित की जाएगी।

(2) सीधी भर्ती से नियुक्त व्यक्तियों की पारस्परिक वरिष्ठता, परीक्षा अथवा साक्षात्कार अथवा दोनों में उनके कार्य-निष्पादन के आधार पर चयन सूची में उन्हें प्रदान किए गए श्रेष्ठता-क्रम के अनुसार निर्धारित की जाएगी; पूर्ववर्ती चयन सूची के अभ्यर्थियों को परवर्ती चयन सूची के अभ्यर्थियों से वरिष्ठ स्थान दिया जाएगा।

(3) प्रोन्नति कोटे की रिक्तियों के विरुद्ध नियुक्त व्यक्तियों की पारस्परिक वरिष्ठता का निर्धारण उस क्रम के अनुसार किया जाएगा, जिसमें उन्हें विभागीय प्रोन्नति समिति द्वारा प्रोन्नति के लिए अनुमोदित किया गया हो।

(4) उपर्युक्त उप-विनियम (1) से (3) में किसी बात के होते हुए भी, इन विनियमों के प्रारंभ होने से पूर्व निर्धारित की गई वरिष्ठता अप्रभावित रहेगी।

**26. विभागीय प्रोन्नति समिति -** (1) इन विनियमों के अनुसार प्रोन्नति द्वारा विभिन्न पदों पर नियुक्ति के लिए कर्मचारियों का एक पैनल अनुशंसित करने हेतु प्रत्येक ग्रेड अथवा पद के लिए एक विभागीय प्रोन्नति समिति होगी।

(2) विभागीय प्रोन्नति समिति की संरचना वही होगी जो विनियम 12 में सेवा चयन समिति के लिए उपबंधित है तथा पैनल की वैधता वही होगी जो विनियम 13 में विनिर्दिष्ट है।

**27. प्रोन्नति हेतु चयन क्षेत्र -** (1) जहाँ किसी ग्रेड के एक या अधिक पद, विहित भर्ती नियमों के अनुसार, संभरक ग्रेड के पद धारण करने वाले कर्मचारियों में से चयन पद्धति द्वारा प्रोन्नति से भरे जाने अपेक्षित हों, वहाँ पात्र पद धारण करने वाले तथा प्रोन्नति के लिए विहित शैक्षणिक अर्हताएँ और अनुभव रखने वाले कर्मचारियों पर, यदि वे विचार-क्षेत्र के अंतर्गत आते हों, प्रोन्नति के लिए विचार किया जाएगा।

(2) चयन पद्धति द्वारा प्रोन्नति के लिए कर्मचारियों की सिफ़ारिश करते समय निम्नलिखित प्रक्रिया का पालन किया जाएगा, अर्थात्: -

(क) विभागीय प्रोन्नति समिति (डीपीसी) प्रोन्नति के लिए मूल्यांकनाधीन अधिकारियों की योग्यता का निर्धारण विहित मानदंड के संदर्भ में करेगी तथा तदनुसार अधिकारियों को 'उपयुक्त' अथवा 'अनुपयुक्त' के रूप में श्रेणीबद्ध करेगी। केवल वे अधिकारी, जिन्हें विभागीय प्रोन्नति समिति द्वारा 'उपयुक्त' के रूप में श्रेणीबद्ध किया गया हो, चयन सूची में सम्मिलित किए जाएंगे तथा संभरक ग्रेड में उनकी पारस्परिक वरिष्ठता के क्रम में व्यवस्थित किए जाएंगे। जिन अधिकारियों को विभागीय प्रोन्नति समिति द्वारा 'अनुपयुक्त' के रूप में श्रेणीबद्ध किया गया हो, उन्हें चयन सूची में सम्मिलित नहीं किया जाएगा।

(ख) विभागीय प्रोन्नति समिति उन पात्र कर्मचारियों के प्रकरणों पर भी विचार करेगी, जो विदेशी सेवा पर अथवा अध्ययन अवकाश पर हों।

(ग) विभागीय प्रोन्नति समिति की कार्यवाही के संबंध में केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के लिए समय-समय पर केन्द्र सरकार द्वारा जारी किए गए निर्देश आवश्यक परिवर्तन सहित यथोचित लागू होंगे।

**टिप्पणी: -** रु.80,000/- - 2,20,000/- तथा उससे उच्चतर वेतनमान वाले उन पदों पर, जिनके लिए भर्ती की मिश्रित पद्धति अपनाई गई है, विलयन के लिए समग्र ग्रेडिंग का मानदंड 'बहुत अच्छा' होगा तथा अन्य सभी मामलों में मानदंड "अच्छा" होगा।

(3) अचयन पदों पर प्रोन्नति के लिए, जहाँ कोई मानदंड विनिर्दिष्ट न हो, चयन का मापदंड वरिष्ठता-सह-उपयुक्तता होगा।

**28. तदर्थ नियुक्ति -** जहाँ तत्काल आवश्यकता हो और विभागीय प्रोन्नति समिति द्वारा अनुशंसित पैनल पूरा हो चुका हो, वहाँ नियुक्ति प्राधिकारी संभरक ग्रेड अथवा पद के ज्येष्ठतम पात्र एवं उपयुक्त कर्मचारी को किसी पद पर एक बार में छह माह तथा अधिकतम एक वर्ष की अवधि अथवा विभागीय प्रोन्नति समिति द्वारा नया पैनल अनुशंसित किए जाने तक, इनमें से जो भी पहले हो, के लिए विशुद्ध रूप से तदर्थ आधार पर नियुक्त कर सकेंगे तथा जहाँ नियुक्ति अपरिहार्य हो, वहाँ ऐसी नियुक्ति इन विनियमों के अधीन विहित अर्हताओं, अनुभव की पूर्ति के अधीन ही की जाएगी।

**29. अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति -**

इन विनियमों में किसी भी उपबंध के होते हुए भी, अध्यक्ष, इन विनियमों में विहित सामान्य भर्ती प्रक्रिया को शिथिल कर सकेगा तथा बोर्ड के ऐसे कर्मचारी के, जिसकी सेवा में रहते हुए मृत्यु हो गई हो, विधिसम्मत पुत्र या पुत्री अथवा जीवित पति या पत्नी को, विहित अर्हताएँ तथा अनुभव रखने और अन्यथा उपयुक्त पाए जाने की शर्त के अधीन, तृतीय अथवा चतुर्थ श्रेणी के किसी पद पर नियुक्त कर सकेगा।

**30. निर्वचन -** (1) इन विनियमों के प्रयुक्ति में केन्द्र सरकार द्वारा समय-समय पर यथासंशोधित ऐसे सभी अनुदेशों का, जो इन विनियमों के किसी प्रावधानों के प्रतिकूल न हों, तथा केन्द्र सरकार द्वारा समय-समय पर जारी ऐसे सभी अनुदेशों का, जो उन विषयों से संबंधित हों जिनका इन विनियमों में विशेष रूप से उपबंध नहीं किया गया है, अनुपालन किया जाएगा।

(2) यदि इन विनियमों के किसी उपबंध के निर्वचन के संबंध में कोई संदेह उत्पन्न होता है, तो वह प्रकरण निर्णय के लिए अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा और उस पर अध्यक्ष का निर्णय अंतिम तथा बाध्यकारी होगा।

## अनुसूची

| क्र.सं. | पद का नाम | पदों की संख्या | वर्गीकरण | वेतनमान | चयन या अचयन पद | सीधी भर्ती के लिए अधिकतम आयु सीमा | सीधी भर्ती के लिए विहित शैक्षणिक एवं अन्य अर्हताएँ | क्या सीधी भर्ती से नियुक्ति के लिए लागू (क) आयु (ख) शैक्षणिक अर्हताएँ (ग) अनुभव, प्रोन्नति या विलयन या प्रतिनियुक्ति की स्थिति में लागू होंगे | परिवीक्षा की अवधि (वर्ष में) | भर्ती की पद्धति (क्या सीधी भर्ती होगी या प्रोन्नति या विलयन या प्रतिनियुक्ति द्वारा होगी) | प्रोन्नति या विलयन या प्रतिनियुक्ति के मामले में, वह ग्रेड जिससे प्रोन्नति या विलयन या प्रतिनियुक्ति की जाएगी | अभ्युक्तियाँ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| *(1)* | *(2)* | *(3)* | *(4)* | *(5)* | *(6)* | *(7)* | *(8)* | *(9)* | *(10)* | *(11)* | *(12)* | *(13)* |
| 1. | **सचिव** | 1 | प्रथम श्रेणी (विभाग प्रमुख) | रु. 1,00,000/- - 2,60,000/<br><br>**टिप्पणी**: केन्द्र सरकार के अनुमोदन से तीन वर्ष की नियमित सेवा पूरी होने के बाद रु.1,20,000/- - 2,80,000/- के वेतनमान में ग्रेड बढ़ाया जाएगा। | चयन | आयु 45 वर्ष से अधिक न हो। | **अनिवार्य:**<br>(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से स्नातक की डिग्री।<br><br>(ii) किसी औद्योगिक या वाणिज्यिक या सरकारी उपक्रम में सामान्य प्रशासन, कार्मिक, औद्योगिक संबंध आदि के क्षेत्र में कार्यकारी प्रवर्ग में सत्रह वर्ष का अनुभव।<br><br>**वांछनीय:**<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से कार्मिक प्रबंधन या औद्योगिक संबंध या सामाजिक कार्य या श्रम कल्याण या संबद्ध विषयों में स्नातकोत्तर डिग्री या डिप्लोमा या विधि में स्नातक डिग्री। | (क) नहीं<br><br>(ख) हाँ<br><br>(ग) नहीं | लागू नहीं | मिश्रित पद्धति के माध्यम से विलयन द्वारा, ऐसा न हो पाने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा तथा दोनो के न हो पाने पर सीधी भर्ती द्वारा। | **मिश्रित पद्धति के माध्यम से विलयन हेतु,** किसी महापत्तन प्राधिकरण के सामान्य प्रशासन विभाग या मानव संसाधन विकास विभाग में तीन वर्ष की नियमित सेवा सहित रु. 80,000/- - 2,20,000/- के वेतनमान में पद धारण करने वाले अधिकारी पात्र होंगे।<br><br>**प्रतिनियुक्ति हेतु,** केन्द्र सरकार या राज्य सरकार या केन्द्र शासित प्रदेश प्रशासन या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या स्वायत्त निकायों (महापत्तन प्राधिकरण के अलावा) के सामान्य प्रशासन विभाग या मानव संसाधन विकास विभाग में ग्रेड में दो वर्ष की नियमित सेवा सहित रु. 1,00,000/- - 2,60,000/- के वेतनमान में सचिव तथा समकक्ष पद धारण करने वाले अधिकारी अथवा ग्रेड में पाँच वर्ष की नियमित सेवा सहित रु. 80,000/- - 2,20,000/- और उससे अधिक के वेतनमान में वरिष्ठ उप सचिव तथा समकक्ष पद धारण करने वाले अधिकारी, पात्र होंगे।<br><br>चयन योग्यता के आधार पर होगा, जिसके लिए वार्षिक गोपनीय रिपोर्टों में समग्र ग्रेडिंग का मानदंड **"बहुत अच्छा"** से कम नहीं होगा। | |

| *(1)* | *(2)* | *(3)* | *(4)* | *(5)* | *(6)* | *(7)* | *(8)* | *(9)* | *(10)* | *(11)* | *(12)* | *(13)* |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2. | **वरिष्ठ उप सचिव** | 1 | प्रथम श्रेणी | रु 80,000/- - 2,20,000/- (पूर्व से पूर्व संशोधित रु 16,000/- - 400-20,800/-) | चयन | आयु 42 वर्ष से अधिक न हो। | **अनिवार्य:**<br>(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से स्नातक की डिग्री।<br><br>(ii) किसी औद्योगिक या वाणिज्यिक या सरकारी उपक्रम में सामान्य प्रशासन, कार्मिक, औद्योगिक संबंध आदि के क्षेत्र में कार्यकारी प्रवर्ग में बारह वर्ष का अनुभव।<br><br>**वांछनीय:**<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से कार्मिक प्रबंधन या औद्योगिक संबंध या सामाजिक कार्य या श्रम कल्याण या संबद्ध विषयों में स्नातकोत्तर डिग्री या डिप्लोमा या विधि में स्नातक डिग्री। | (क) नहीं<br><br>(ख) हाँ<br><br>(ग) नहीं | लागू नहीं | मिश्रित पद्धति के माध्यम से विलयन द्वारा, ऐसा न हो पाने पर अन्य सरकारी संगठन से प्रतिनियुक्ति द्वारा तथा दोनो के न हो पाने पर सीधी भर्ती द्वारा। | **मिश्रित पद्धति के माध्यम से विलयन हेतु,** किसी महापत्तन प्राधिकरण में सदृश पद धारण करने वाले अधिकारी अथवा सामान्य प्रशासन विभाग की संबंधित शाखा में रु. 60,000/- -1,80,000/- (पूर्व से पूर्व संशोधित वेतनमान रु. 13,000/- -18,250/-) के वेतनमान में ग्रेड में तीन वर्ष की सेवा सहित उप सचिव तथा समकक्ष पद (जैसे मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अथवा उप संपदा प्रबंधक अथवा उप मुख्य विधि अधिकारी अथवा कार्मिक अधिकारी) धारण करने वाले अधिकारी अथवा किसी महापत्तन प्राधिकरण में सामान्य प्रशासन विभाग की संबंधित शाखा में ग्रेड में दो वर्ष की सेवा सहित उप सचिव एवं समकक्ष पद धारण करने वाले तथा रु. 50,000/- -1,60,000/- (पूर्व से पूर्व संशोधित वेतनमान रु. 10,750/- -16,750/-) और रु. 60,000/- -1,80,000/- (पूर्व से पूर्व संशोधित वेतनमान रु. 13,000/- -18,250/-) के वेतनमानों में कुल सात वर्ष की संयुक्त नियमित सेवा वाले अधिकारी, पात्र होंगे।<br><br>**प्रतिनियुक्ति हेतु,** किसी सरकारी या अर्ध-सरकारी या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या स्वायत्त निकायों में सदृश पद धारण करने वाले अथवा सामान्य प्रशासन विभाग की संबंधित शाखा में रु. 60,000/- -1,80,000/- (पूर्व से पूर्व संशोधित वेतनमान रु. 13,000/- -18,250/-) के वेतनमान में उप सचिव तथा समकक्ष पदों पर ग्रेड में तीन वर्ष की नियमित सेवा वाले अधिकारी, पात्र होंगे।<br><br>चयन योग्यता के आधार पर होगा, जिसके लिए वार्षिक गोपनीय रिपोर्टों में समग्र ग्रेडिंग का मानदंड **"बहुत अच्छा"** से कम नहीं होगा। | |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) | (13) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3. | **उप सचिव** | 1 | प्रथम श्रेणी | रु 60,000/- -1,80,000/- (पूर्व से पूर्व संशोधित रू.13,000/- - 350-18,250/- | चयन | आयु 40 वर्ष से अधिक न हो। | **अनिवार्य**:<br>(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से स्नातक की डिग्री।<br><br>(ii) किसी औद्योगिक या वाणिज्यिक या सरकारी उपक्रम में सामान्य प्रशासन, कार्मिक, औद्योगिक संबंध आदि के क्षेत्र में कार्यकारी प्रवर्ग में नौ वर्ष का अनुभव<br><br>**वांछनीय:**<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से कार्मिक प्रबंधन या औद्योगिक संबंध या सामाजिक कार्य या श्रम कल्याण या संबद्ध विषयों में स्नातकोत्तर डिग्री या डिप्लोमा या विधि में स्नातक डिग्री। | (क) नहीं<br><br>(ख) हाँ<br><br>(ग) नहीं | दो वर्ष | प्रोन्नति द्वारा, ऐसा न होने पर विलयन/ प्रतिनियुक्ति द्वारा तथा दोनो के न हो पाने पर सीधी भर्ती द्वारा। | सामान्य प्रशासन विभाग की संबंधित शाखा में रु. 50,000/- -1,60,000/- (पूर्व से पूर्व संशोधित रु. 10,750-16,750/-) के वेतनमान में चार वर्ष की नियमित सेवा सहित वरिष्ठ सहायक सचिव से प्रोन्नति, ऐसा न होने पर, ग्रेड में दो वर्ष की नियमित सेवा तथा रु. 50,000/- -1,60,000/- (पूर्व से पूर्व संशोधित रु. 10,750/- -16,750/-) और रु. 50,000/- -1,60,000/- (पूर्व से पूर्व संशोधित रु. 9,100/- -15,100/-) के वेतनमान में कुल नौ वर्ष की संयुक्त नियमित सेवा सहित वरिष्ठ सहायक सचिव (जैसे जनसंपर्क अधिकारी अथवा वरिष्ठ सहायक संपदा प्रबंधक अथवा वरिष्ठ विधि अधिकारी अथवा उप कार्मिक अधिकारी अथवा वरिष्ठ कल्याण अधिकारी), से प्रोन्नति।<br><br>किसी महापत्तन प्राधिकरण में सदृश पद धारण करने वाले अधिकारी अथवा चार वर्ष की नियमित सेवा सहित रु. 50,000/- -1,60,000/- (पूर्व से पूर्व संशोधित रु. 10,750/- -16,750/-) के वेतनमान में वरिष्ठ सहायक सचिव का पद धारण करने वाले अधिकारियों से विलयन/प्रतिनियुक्ति होगी। | |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) | (13) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4. | **उप संपदा प्रबंधक** | 1 | प्रथम श्रेणी | रु 60,000/- - 1,80,000/- (पूर्व से पूर्व संशोधित रु 13,000/- - 350/- - 18,250/-) | चयन | आयु 40 वर्ष से अधिक न हो। | **अनिवार्य:**<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री।<br><br>(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से वास्तुकला अथवा नगर एवं देश नियोजन में स्नातकोत्तर की डिग्री या डिप्लोमा अथवा सिविल इंजीनियरिंग में डिग्री या सर्वेक्षण संस्थान (भारत) की कॉर्पोरेट सदस्यता।<br><br>(ii) किसी औद्योगिक या वाणिज्यिक उपक्रम अथवा सरकारी उपक्रम में संपदा प्रबंधन, मूल्यांकन या भूमि अभिलेखों के क्षेत्र में ग्यारह वर्ष का कार्यकारी अनुभव।<br><br>**वांछनीय:**<br>(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विधि में स्नातक डिग्री। | (क) नहीं<br><br>(ख) हाँ<br><br>(ग) नहीं | दो वर्ष | प्रोन्नति द्वारा, ऐसा न हो पाने पर विलयन/ प्रतिनियुक्ति द्वारा तथा दोनों के न हो पाने पर सीधी भर्ती द्वारा। | संपदा प्रभाग की शाखा में ग्रेड में चार वर्ष की नियमित सेवा सहित रु. 50,000/- -1,60,000/- (पूर्व से पूर्व संशोधित रु. 10,750/- -16,750/-) के वेतनमान में वरिष्ठ सहायक संपदा प्रबंधक से प्रोन्नति, ऐसा न होने पर, ग्रेड में दो वर्ष की सेवा तथा रु. 50,000/- -1,60,000/- (पूर्व से पूर्व संशोधित रु. 10,750/- -16,750/-) और रु. 50,000/- -1,60,000/- (पूर्व से पूर्व संशोधित रु. 9,100/- - 15,100/-) के वेतनमानों में कुल नौ वर्ष की संयुक्त नियमित सेवा सहित वरिष्ठ सहायक संपदा प्रबंधक, से प्रोन्नति।<br><br>किसी महापत्तन प्राधिकरण में सदृश पद धारण करने वाले अधिकारी अथवा चार वर्ष की नियमित सेवा सहित रु. 50,000/- -1,60,000/- (पूर्व से पूर्व संशोधित रु. 10,750/- -16,750/-) के वेतनमान में वरिष्ठ सहायक संपदा प्रबंधक अथवा समकक्ष पद धारण करने वाले अधिकारियों से विलयन/प्रतिनियुक्ति होगी। | |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) | (13) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
